an>

Title: Regarding doubling and electrification of Jhanshi-Manikpur and Bandi-Kanpur Rail line.

श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) : माननीय अध्यक्ष महोदया, मेरे संसदीय क्षेत्र बांदा एवं चित्रकूट से गुजरने वाली झांसी-मानिकपुर रेल लाइन का दोहरीकरण न होने से आम लोगों व यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। आए दिन इस व्यस्त रूट पर घंटों ट्रेनें लेट होती हैं। यह सबसे पुरानी रेल लाइनों में से एक है। इस हेतु पूर्व में भी कई बार माननीय रेल मंत्री जी को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

अस्तु, आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी व सरकार से अनुरोध है कि झांसी-मानिकपुर रेल खण्ड व बांदा-कानपुर रेल खण्ड की लाइनों का दोहरीकरण व विद्युतीकरण यथाशीघ्र कराकर इस गंभीर समस्या का समाधान कराने की कृपा करें।